>

Title: Need to set up Medical and Agriculture Departments in Allahabad University.

श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर): इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुए लगभग 8 वर्ष का समय हो गया है परंतु आज तक इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में न तो पृथक मेडिकल कालेज की स्थापना की गयी और न ही कृषि विभाग की स्थापना की गयी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मेडिकल कालेज व कृषि विभाग की स्थापना न होने से हजारों छात्र चिकित्सा व कृषि शिक्षा प्राप्त करने से वंचित है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में चिकित्सा एवं कृषि विभागों की स्थापना के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने से छात्रों में गहरा असंतोष है। चिकित्सा एवं कृषि विभाग की स्थापना के लिए निरंतर माँग की जा रही है परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उक्त विभागों की स्थापना के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय में मेडिकल कालेज व कृषि विभाग की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाने का कष्ट करें।